EQUIP - DIET KASARGOD **CODE NO. 401**

SSLC PRE-MODEL EXAMINATION - MARCH 2022

Time : 1 $^{1}/_{2}$ Hrs. **HINDI** Maximum score : 40

- सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें ।
- पहले 15 मिनट का समय प्रश्नों को ध्यान से पढ़ने केलिए है ।
- अंक और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखना है ।

Part 1

A - सूचना: " आई एम कलाम के बहाने " का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 से 6 तक के किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें। (4 x 1 = 4)

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का । यानी मेरे टिफ़िन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा-सा छाछ का ड़िब्बा मेरा । उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है ।

1 यह किसका कथन है ?
2 राजमा-चावल किसको पसंद है ?
3 " उसके " में निहित सर्वनाम कौन- सा है ? (मै - तुम - यह - वह)
4 " नीली-खाकी यूनिफ़ॉर्म " - इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है ?
5 **सही वाक्य चुनकर लिखें।**
वह स्कूल जाने लगे। वह स्कूल जानी लगी।
वह स्कूल जाना लगा। वह स्कूल जाने लगा।
6 मोरपाल का घर स्कूल से कितनी दूरी पर है ?

B

सूचना : 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर देना ज़रूरी है। (3 x 1 = 3)

इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए । गुठली बड़ी उत्सुक थी । जैसे-तैसे पूजा-पाठ करके कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया । वह ताऊजी के पास जाकर बोली, " देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ? "

7 " मुँह उतर जाना " का मतलब क्या है ? (खुश होना , क्रुद्ध होना , उदास होना)

8 कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य की पूर्ति करें ।

गुठली का मुँह उतर ....। (जाएगी , जाएगा , जाएँगे , जाएँगी)

9 **गुठली** बड़ी उत्सुक थी । (रेखांकित शब्द के बदले ' **भाई** ' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।)

Part 2

A सूचना : नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें। **(1 x 2 = 2)**

10 वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें । (कुप्पी की , धुँधली)

कुएँ पर आ रही थी ।

रोशनी कुएँ पर आ रही थी ।

....

....

B

सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। **(1 x 2 = 2)**

11 हिमालय के बर्फीले इलाकों से पशुचारक निचले इलाकों में कब उतर आते हैं ? क्यों ?

12 फूलदेई का त्योहार बच्चे कैसे मनाते हैं ?

Part 3 A सूचना : " सबसे बड़ा शो मैन " का यह अंश पढ़े और 13 से 16 तक के प्रश्नों में

माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया । मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा । माँ डर गई । पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा !

से किसी तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3 x 3 = 9)**

13 मान लें , आपके स्कूल में चार्ली चैप्लिन फिल्मोत्सव का आयोजन किया है । इसकेलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

14 **सम्बन्ध पहचानकर सही मिलान करें।**

पाँच साल का बच्चा	चार्ली को अभिनय करते देखा था ।
मैनेजर चार्ली को	इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा !
माँ के कुछ दोस्तों के सामने	स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा

15 चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार । अगले दिन समाचार पत्र में आया रपट कल्पना करके लिखें ।

16 चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी । कैसे ?

B

सूचना : " दिशाहीन दिशा " का यह अंश पढ़े और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

(1 x 3 = 3)

उस सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद लगाए था । गले में बनीयान तक नहीं थी । उसकी दाढ़ी के ही नहीं छाती के भी बाल सफ़ेद हो चुके थे ।

17 अविनाश और मल्लाह के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

Part 4

A – सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(2 x 4 = 8)

" बीरबहूटी " कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था । उसने देखा कि बेला के पाँव अभी भी काँप रहे हैं । जैसे वह खड़े– खड़े अभी गिर जाएगी । सुरेंदर जी मांटसाब ने कॉपी को उसके बैठने की जगह पर फेंकते हुए कहा , " बैठ अपनी जगह " ।

18 बेला की उस दिन की डायरी लिखें ।

19 मान लें बेला उस दिन के अनुभवों को अपनी सहेली के नाम पत्र लिखकर भेजी है । वह पत्र कल्पना करके लिखें ।

' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसी केलिए रोक नहीं , सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते ।

20 गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

B

सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। (1 x 4 = 4)

भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल
पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुज़रते हुए
बच्चे , बहुत छोटे–छोटे बच्चे
काम पर जा रहे हैं ।

21 कवि और कंविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें ।
22 ' बालश्रम ' विषय पर लघु लेख लिखें ।

Part 5

A सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। (1 x 5 = 5)

पाँचवी कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवी तक ही था।
" साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोंगे ? " बेला ने पुछा।
" और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ? " साहिल ने पुछा।

23 ' बीरबहूटी ' कहानी के उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

" ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो है । क्या एक लोटा पानी भरने न देंगे ? " " हाथ – पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से ।ब्राह्मण देवता आशीर्वाद देंगे , ठाकुर लाठी मारेंगे , साहूजी एक के पाँच लेंगे ।गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता , कंधा देना तो बड़ी बात है । ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ? "

24 ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी के उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

_ _ _ _ _ _ _ _